उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।

संख्याः सीए–कैम्प–2014 दिनांकः जनवरी 11, 2015

सेवा में,

थानाध्यक्ष पी0जी0आई0/प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज, थाना चौक/इन्द्रा डायग्नोस्टिक सेण्टर/चरक डायग्नोस्टिक सेण्टर/स्पेक्ट्रा डायग्नोस्टिक सेण्टर/सरकार डायग्नोस्टिक सेण्टर, जनपद लखनऊ।

कृपया अवगत कराना है कि आपके पास जो भी पुलिस विभाग के सेवारत/सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी इलाज/चेकप के लिए आये तो कृपया आप उनके परिचय पत्र कार्ड को देखकर उनका इलाज/चेकप कर दें और यदि उनके परिवार का कोई सदस्य हो तो उनके हेल्थ कार्ड में संबंधित बीमार व्यक्ति की फोटो हेल्थ कार्ड से मिला लें और तद्नुसार कार्यवाही करें तथा जो भी बीमारी के इलाज का बिल हो उसको चेक करने के लिए पुलिस लाइन लखनऊ, 32वीं वाहिनी पी0ए0सी0 एंव 35वीं वाहिनी पी0ए0सी0 लखनऊ के चिकित्सक के पास भेज दिया जाय। संबंधित चिकित्सक प्राप्त बिलों का सत्यापन करने के बाद उक्त समस्त बिल उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय में नियुक्त विशेष कार्याधिकारी श्रीमती ऋचा सिंह के पास भेजेगें जिनके द्वारा उक्त बिलों का भुगतान कराये जाने की कार्यवाही कराते हुए भुगतान की धनराशि सीधे संबंधित अस्पताल/पैथालाजी के खाते में भेज दी जायेगी।

11/1/15

(डॉ0 सूर्य कुमार)
पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
कैम्प कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपि–लखनऊ स्थित पुलिस विभाग के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2– वरिष्ठ परामर्शदाता, चिकित्सालय पुलिस लाइन लखनऊ/32वीं वाहिनी/35वीं वाहिनी पी0 ए0सी0 लखनऊ को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3– श्रीमती परवीन आजाद, विशेष कार्याधिकारी, वेलफेयर, कैम्प कार्यालय लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।